दिन– बुधवार दिनांक– 22 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. चुनाव आयोग ने छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी गोलीबारी के मामले में सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी।

03. बांका में प्रदेश का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बिजली घर शुरू। प्रतिवर्ष पचास मेगावाट बिजली उत्पादन का है लक्ष्य।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर कल शाम थम जाएगा। इन क्षेत्रों में पच्चीस मई को मतदान होना है।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त तीन प्रेक्षकों ने रोहतास में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में इन दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता समेत अन्य विषयों की जानकारी दी गयी।

रोहतास के तिलौथू प्रखंड में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, गया की ओर से जीविका दीदीयों ने मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं, जहानाबाद में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मकसद से जिला प्रशासन की ओर से संध्या चौपाल और नुक्कड़ नाटक समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

बिहार की स्वीप आइकॉन और चर्चित लोक गायिका मैथिली ठाकुर आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगी।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात आरा लोकसभा सीट की। आरा बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध सन 1857 में शुरू हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के सियासी सफर तक आरा की देशभर में एक खास पहचान है। आरा की जमीन हर तरह की राजनीतिक विचारधारा के लिए उर्वर रही है। कभी कांग्रेस का गढ़ रहे आरा ने वामपंथी विचारधारा को भी अंगीकार किया। कांग्रेस के दिग्गज नेता बलिराम भगत ने 6 बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में भाकपा माले को तत्कालीन इंडियन पीपुल्स पार्टी, आईपीएफ के नाम से देश में पहली बार जीत आरा लोकसभा क्षेत्र से ही मिली थी। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार आर के सिंह ने इस सीट पर भाजपा का खाता खोला। श्री सिंह ने 2019 में भी जीत दर्ज की। पार्टी ने एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और निवर्तमान सांसद आर के सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से भाकपा माले के सुदामा प्रसाद। श्री प्रसाद वर्तमान में तरारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। चुनावी मुकाबले में हालांकि 14 उम्मीदवार हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के आर के सिंह और भाकपा माले के सुदामा प्रसाद के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो 7 में से 5 सीटों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है और 2 सीट पर भाजपा के विधायक हैं। संदेश, जगदीशपुर और शाहपुर पर राजद जबकि अगिआंव और तरारी सीट पर भाकपा माले का कब्जा है। वहीं, बड़हरा और आरा विधानसभा सीट पर भाजपा के विधायक हैं। गंगा और सोन के दोआब में स्थित आरा लोकसभा क्षेत्र कृषि प्रधान इलाका है। बावजूद इसके क्षेत्र में कृषि प्रसंस्करण उद्योगों का घोर अभाव है। महंगाई और बेरोजगारी भी आमलोगों के मुद्दे हैं। भाजपा प्रत्याशी आर के सिंह अपने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट की अपील कर रहे हैं। वहीं, भाकपा माले के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद आर के सिंह की कार्यशैली को विकास विरोधी बताकर और स्थानीय मुद्दों के सहारे मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। दोनों पक्ष के दावों– प्रतिदावों के बीच यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के इक्कीस लाख से अधिक मतदाता आर के सिंह को लगातार तीसरी बार लोकसभा भेजते हैं या फिर भाकपा माले उम्मीदवार सुदामा प्रसाद वर्ष 1989 के बाद एक बार फिर इस क्षेत्र में वामपंथ को मजबूती प्रदान करने में सफल होते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए आरा से मुकेश कुमार सिन्हा।

---

छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी हिंसक झड़प और गोलीबारी के मामले में चुनाव आयोग ने सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे इलाके में केन्द्रीय बलों को तैनात रखने के निर्देश दिये गये हैं। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। इंटरनेट सेवाएं कल तक के लिए बंद कर दी गयी है। इधर, पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने लापरवाही बरतने के आरोप में नगर थाना के थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस बीच अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था संजय कुमार सिंह ने बताया कि सारण के डीआईजी, डीएम और एसपी के साथ घटना की उच्च्य स्तरीय समीक्षा की गयी है। दोषियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये हैं। इधर, गोलीबारी की घटना में मारे गए युवक के पिता ने बारह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

---

छपरा में इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण चार केन्द्रों पर आज और कल होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी रद्द कर दी है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। परीक्षा के आयोजन की तिथि बाद में जारी की जायेगी।

---

राज्यपाल ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी जून महीने के पहले सप्ताह तक बढ़ाने के लिए मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को पत्र लिखा है। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी है। एसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनजर गर्मी की छुट्टियों को विस्तारित करने की जरूरत है। इससे बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को भीषण गर्मी से हो रही परेशानी से राहत मिल सकेगी।

---

बांका में बिहार का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बिजली घर शुरू हो गया है। एक निजी कंपनी द्वारा पिछले दो वर्षों से इस सोलर पावर प्लांट का निर्माण करवाया जा रहा था। इस प्लांट से प्रतिवर्ष पचास मेगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य है। बिहार राज्य पावर होल्डिंग कम्पनी पच्चीस वर्षों तक प्लांट में उत्पादित बिजली खरीदेगी।

---

पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

–––बाईट–––

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में रोहतास में तीन और कैमूर तथा बक्सर में एक–एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

---

गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने गया और आनंद विहार के बीच चलाई जा रही विशेष ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। अब यह ट्रेन चार फेरे और लगायेगी। इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए चलाये गये अभियान में एक दिन में दस हजार

नौ सौ अस्सी यात्रियों को पकड़ा है। इन यात्रियों से जुर्माने के रूप में अस्सी लाख रूपये से अधिक की राशि वसूली गयी है। यह अभियान दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और धनबाद मंडलों में चलाया गया।

---

मधुबनी की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता के खाते में पांच लाख रूपये मुआवजे के रूप में जमा करने का आदेश दिया है। इधर, पटना की एक अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में पंजाब के दो तस्करों को बारह–बारह साल कारावास और चार–चार लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

आज सिखों के तीसरे गुरू अमर दास जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में विशेष दीवान सजाया जायेगा।

---

सीतामढ़ी नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से ऑटो–रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य घायल हो गये।

---

पटना के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उसरी पुल पर सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने पुलिस पर पथराव किया और एक गाड़ी में आग लगा दी। पथराव की घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गये।

---

आरा नगर थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव में अपराधियों ने एक बालू कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है।

---

गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुतबाड़ी मोहल्ले में शार्ट सर्किट के कारण एक निजी बैंक के एटीएम में आग लग गयी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– पांच दौर में ही जीत के दावे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा विपक्ष ध्वस्त, एनडीए की लहर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोल– लोग तंग हुए, भाजपा अब सत्ता में नहीं लौटेगी।

**दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– छपरा में चुनावी हिंसा। वोटिंग के दूसरे दिन गोलीबारी, एक की मौत।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– प्रोजेक्ट उद्‌भव से देश की सैन्य विरासत खोज रही सेना। महाभारत जैसे ग्रथों से सैन्य विरासत का पता लगाने के लिए शुरू की गयी है परियोजना। **प्रभात खबर** अपने विशेष रिपोर्ट में लिखता है– शिक्षक भर्ती में बाहरी अभ्यर्थियों को भी मिल गया आरक्षण का लाभ।

**आज** अखबार ने लिखा है– भारत पहुंचा कोरोना के केपी वन–टू वैरियंट का संक्रमण। सात राज्यों में मामले दर्ज।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– बिक्रम में पीएम के सभा स्थल का जिला प्रशासन के अफसरों ने किया निरीक्षण। पच्चीस मई को होगी चुनावी सभा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार अभियान अंतिम दौर में। राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में कल शाम थम जाएगा प्रचार का शोर।

02. चुनाव आयोग ने छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी गोलीबारी के मामले में सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी।

03. बांका में प्रदेश का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बिजली घर शुरू। प्रतिवर्ष पचास मेगावाट बिजली उत्पादन का है लक्ष्य।

04. और, मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।